वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 233 गुरुवार 21 दिसम्बर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# प्रधानमंत्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुए रूबरू

## स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के समापन पर विजेता टीमों को मिले पुरस्कार, 30 टीमों ने दिए सुझाव

**जयपुर. कासं**



जयपुर के पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित दो दिवसीय 'स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) 2023' के ग्रैंड फिनाले का बुधवार को समापन हुआ। इसमें देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों के 180 से अधिक स्टूडेंट्स की 30 टीमें झारखंड सरकार के लिए कुछ रीयल टाइम प्रॉब्लम्स के सॉफ्टवेयर आधारित समाधान तैयार किए। इससे पूर्व मंगलवार रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्णिमा इंस्टीट्यूट सहित देश के 48 नोडल सेंटर्स पर मौजूद यंग इनोवेटर्स से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के माध्यम से देश की युवा शक्ति विकसित भारत के लिए समाधान रूपी अमृत उपलब्ध करा रही है। उन्होंने देश की समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराने के बारे में युवा पीढ़ी के समर्पण पर खुशी जाहिर की। देश की युवा शक्ति पर विश्वास व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने अनुरोध किया कि आप किसी भी समस्या का समाधान निकालते समय विकसित भारत के संकल्प को अवश्य ध्यान में रखें। आप जो भी करें, वह सर्वोत्तम हो। आपको ऐसा काम करें कि दुनिया आपको फॉलो करे। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भरता की दिशा में काम कर रहे रक्षा क्षेत्र का उदाहरण देते हुए सेमीकंडक्टर और चिप प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता की जरूरत पर भी जोर दिया। सोफ्टसर्व इंक के संस्थापक मनोज पिपरसानिया समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने तकनीकी समाधान प्रस्तुत करने वाले सभी प्रतिभागियों को मोटिवेट कर उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। उन्होंने हैकथॉन में वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के इनोवेटिव समाधान प्रस्तुत करने वाली पांच विजेता टीमों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। मेजबान पूर्णिमा इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ. दिनेश गोयल ने कहा कि हैकथॉन की प्रतिभागी टीमों ने भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित कॉलेजों का प्रतिनिधित्व किया, जो इस भव्य आयोजन की विविधता और प्रतिभा को साफ दर्शाता है। हैकथॉन–2023 देशभर के स्टूडेंट्स के लिए सॉफ्टवेयर इनोवेशन व प्रॉब्लम सॉल्विंग का मंच साबित हुआ है।

# नृत्य से जीवंत किए प्रकृति के असल मायने

### विद्याश्रम स्कूल के वार्षिकोत्सव में नृत्य नाटिका में प्रकृति की सुन्दरता को फ्लावर डांस के माध्यम से किया प्रस्तुत

**जयपुर. कासं**



''वसंत मनुष्य के मन में भी आता है। मानव मन का अपना वसंत होता है। जब हृदय में गुरू प्रेम का खिलाता है, तो इस वसंत के रंगों से जीवन रंग-बिरंगा हो जाता है। ऐसे व्यक्ति के लिए सदा सर्वदा वसंत ऋतु ही खिली रहती है। मन के मौसम का वसन्त एक भावनात्मक अभिव्यक्ति है, एक मानसिकता है जो जीवन को निराशा, अभावकष्टों में भी मुस्कुराना सिखाती है'' कुछ ऐसी ही अभिव्यक्ति से सराबोर था बुधवार को आयोजित भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम स्कूल के 39वें वार्षिकोत्सव का। महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित इस समारोह में बच्चों ने नृत्य नाटिका में प्रकृति की सुन्दरता को फ्लॉवर डांस के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसी क्रम में प्रकृति पर आधारित संस्कृत श्लोकों पर भी नृत्य की प्रस्तुति दी गई, अलग-अलग ऋतुओं पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए गए। इन सभी नृत्यों में मानव मन के भीतर समाए वासंती भावों को अलग अलग अंदाज में जीवंत किया गया। राजस्थान सरकार के वित्त सचिव के.के. पाठक समारोह के मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता भारतीय विद्या भवन जयपुर केन्द्र के अध्यक्ष विमल चन्द सुराणा ने की। अतिथियों के सम्मान में विद्यालय के दो दर्जन से भी अधिक स्टूडेंट्स ने मधुर बैण्ड वादन कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अतिथियों का अभिनंदन किया।

### तबला वादन से की गणेश स्तुति

इस मौके पर विद्यार्थियों ने गणेश स्तुति को तबला वाद्य यंत्रों के माध्यम से ताल दादरा और कहरवा ताल के मिश्रण को साकार किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नृत्य नाटिका मन के मौसम रही जिसमें कवि कुमार द्वारा संकलित काव्य उदभव की सृजन यात्रा को नृत्य एवं अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। नृत्य नाटिका में छह ऋतुओं का वर्णन करके वसन्त को जीवन के साथ साकार किया गया। कवि के अनुसार वसन्त आता नहीं है अपितु उसे लाया जाता है जिसमें जितना सामर्थ्य होता है वह उसे हम मौसम में वसन्त का अहसास करा देता है। सबका अपना वसन्त है जैसे शरद और शिशिर में शाखाओं का, ग्रीष्म में फलों का, वर्षा में पत्तों और वृंतों का और वसन्त में फूलों का। इससे पूर्व कार्यक्रम के प्रारम्भ में दीप प्रज्वलन हुआ। फिर विद्यार्थियों ने सर्वधर्म प्रार्थना प्रस्तुत की जिसमें सभी धर्मों के महत्त्व, समत्व भाव, धार्मिक उदारता, सहिष्णुता एवं शान्ति की भावना को प्रदर्शित किया। विद्यालय के प्राथमिक विभाग के छात्र-छात्राओं ने सॉन्ग ऑफ द सीजन अंग्रेजी गीत को वाद्ययंत्रों के वादन के साथ प्रस्तुत किया । विद्यालय प्राचार्या सुश्री प्रीति सांगवान ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर सत्र 2022-23 की बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक लाने वाले एवं विभिन्न गतिविधियों में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

# गोठी स्कूल के आनंद और सेजल राष्ट्रीय स्तरीय इंटेक क्विज प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल से सम्मानित

**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। वर्द्धमान ग्रुप के तत्वावधान में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवर लाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावर के विद्यार्थियों ने भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटेक), दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में संपूर्ण राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता इंटेक के केंद्रीय संस्थान नई दिल्ली में आयोजित हुई । विद्यालय प्राचार्य डॉ अनिल कुमार शर्मा ने बताया की विद्यालय के कक्षा 9 के आनंद सिंह छाबड़ा, और सेजल सोनी ने संयोजक दीपक कुमार गुप्ता के सानिध्य में पहली बार ब्यावर चैप्टर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय फिर जोधपुर चैप्टर द्वार आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जीत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया जहां उनका चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ। राजधानी दिल्ली में आयोजित हुई इस क्विज प्रतियोगिता में देश की लगभग 20 राज्यों की टीम ने भाग लिया एलजिसमे राजस्थान के अलावा दिल्ली, केरला, तेलंगाना, कर्नाटक, उड़ीसा, जम्मू कश्मीर, हरियाणा, मध्य प्रदेश,हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश,गुजरात, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मेघालय, उड़ीसा, बंगाल, पंजाब, आदि राज्यों की टीम सम्मिलित थीं। 2 दिवसीय प्रतियोगिता में प्रथम दिन सभी राज्यों की टीम के लगभग 40 प्रतिभागियों ने सामूहिक संवाद किया जिसके आधार पर राजस्थान की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई जहा उसका मुकाबला तेलंगाना, मेघालय, आंध्र प्रदेश और पंजाब के साथ तय हुआ। इसके बाद सभी प्रतिभागियों को दिल्ली स्थित लोधी गार्डन की सांस्कृतिक विरासत और इंटेक केंद्रीय संस्थान का भ्रमण करवाया गया जिसमें सभी तरह की सांस्कृतिक धरोहर की जानकारियां और उन्हें सहेज कर रखने के लिए अभिप्रेरित किया गया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रतिभागियों से भारत की विभिन्न संस्कृति, धर्म, कलाकृति, साहित्य, भाषा किले, नृत्य, खान-पान, पहनावा आदि पर आधारित विभिन्न आकर्षक राउंड में प्रश्न पूछे गए जहां पर प्रतिभागियों ने त्वरित गति से प्रश्नों का सही उत्तर देकर भारतीयता का परिचय दिया और उपस्थित लोगों का मन जीत लिया। प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा जिसमे खिताब पंजाब की अमृतसर टीम ने शानदार प्रदर्शन कर अपने नाम किया। राजस्थान का नेतृत्व करने वाली गोठी स्कूल ब्यावर की टीम को सिल्वर मैडल से सम्मानित किया गया। ब्यावर इंटेक चैप्टर के संयोजक रामप्रसाद कुमावत, इंटेक कार्यक्रम संयोजक डॉ नरेंद्र पारख ने टीम के ब्यावर लौटने पर विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा की एक छोटे से शहर के बच्चों ने अपनी प्रतिभा के दम पर विद्यालय, परिवार, शहर और राज्य का नाम राष्ट्रीय पटल पर प्रकाशित किया है। बच्चों के अभिभावकों ने भी प्रतियोगिता स्थल पर अपनी उपस्थिति देकर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, निदेशक डॉ आर सी लोढा, प्राचार्य डॉ अनिल कुमार शर्मा, उप प्राचार्या सुनीता चौधरी ने इंटेक टीम के विजेता विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए उत्साहवर्धन किया।



# सम्यक ग्रुप की पांच दिवसीय धार्मिक यात्रा सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सम्यक ग्रुप सचिव डॉ इन्द्र कुमार जैन ने बताया कि ग्रुप के सदस्यों ने 16 से 20 दिसंबर 2023 धार्मिक यात्रा सम्पन्न की। 5 दिवसीय यात्रा कार्यक्रम में ग्रुप के 13 सदस्यों द्वारा सर्वप्रथम नारेली स्थित जिनालयों के दर्शन किये गए ।इसके पश्चात ग्रुप के सदस्यों ने नाडोल, नाडलाई, मुच्छल महावीर, फालना, भीनमाल आदि जिनालयों के दर्शन किये ।रात्रि विश्राम जिरावाला पार्श्वनाथ में किया। 18 दिसंबर को तारंगा जी तीर्थ क्षेत्र स्थित दोनों पहाड़ों की वंदना की ।दूसरे दिन माउंट आबू के जिनालयों के दर्शन किये साथ पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। रात्रि विश्राम पावापुरी जैन तीर्थ में करने के पश्चात प्रातः वंदना कर गौशाला में गायों को हरा चारा गुड़ लडडू आदि खिला कर सेवा की , वहां से अनिन्दा पार्श्वनाथ पहुंचे व प्राचीन प्रतिमा की भक्ति भावना पूर्ण आरती व वंदना की व रात्रि को जयपुर पहुंचे। सम्यक ग्रुप के अध्यक्ष महावीर-लक्ष्मी बोहरा, सचिव डॉ इन्द्र कुमार-स्नेह जैन, संरक्षक महावीर-शकुंतला बिंदायका, कोषाध्यक्ष मुकेश-कल्पना शाह, सुनील सीमा ठोलिया, महेश-सरला आदि सदस्यों ने यात्रा में भाग लिया।

# पत्रकार महासम्मेलन 20 जनवरी को शीतल तीर्थ रतलाम में



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन पत्रकार महासंघ (रजि.) राष्ट्रीय कार्यकारिणी व विशेष आमंत्रित सदस्यों की मीटिंग बडजात्या सभागार भट्टारक जी की नसियाजी नारायण सिंह सर्किल जयपुर में 20 दिसंबर को प्रातः 11:00 बजे महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर ने अवगत कराया कि मीटिंग में दिगम्बर जैन धर्म स्थल- शीतल तीर्थ , धामनोद, रतलाम ( म.प्र) में 20-- 21 जनवरी को महा अधिवेशन किए जाने संबंधी महत्वपूर्ण विचार विमर्श के पश्चात निर्णय लिया गया कि 20 जनवरी को निकटतम जैन तीर्थों के दर्शन व भ्रमण , 21 जनवरी को प्रातः महासंघ की सामान्य बैठक व दोपहर 1:00 बजे से अधिवेशन का मुख्य कार्यक्रम होगा। उक्त कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने हेतु देश के सभी पत्रकार पदाधिकारी व सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने हेतु निवेदन किया गया है। मीटिंग संचालन करते हुए महामंत्री उदयभान जैन ने बताया कि उक्त क्षेत्र पर 22 फरवरी से 28 फरवरी तक परम पूज्य आचार्य श्री विशुध्दसागर जी महाराज संसघ के सानिध्य में भगवान आदिनाथ जिनबिम्ब एवं 72 जिनालय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं महामस्तिकाभिषेक का आयोजन किया जा रहा है इसमें देश-विदेश के श्रेष्ठी - गुरु भक्त उपस्थित होंगे। मीटिंग में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ अनिल जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिलीप जैन,राष्ट्रीय प्रचार मंत्री महेन्द्र बैराठी , दीपक गोधा, राजा बाबू गोधा, अजय जैन आदि ने अपने विचार रखे और आयोजन को सफल कराने का आश्वासन दिया। अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कालरू ने किए विवेक विहार जैन मंदिर में दर्शन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मेड़ता विधानसभा से ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक लक्ष्मण राम कलरु का आज भाजपा नेता पूर्व पार्षद विवेक विहार जैन समाज के जॉइंट सेक्रेटरी नरेश जैन मेड़ता ने अपने आवास पर धूमधाम से स्वागत एवं अभिनंदन किया एवं ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर बहुत-बहुत बधाई दी... इस अवसर पर पूर्व पार्षद मोनिका जैन, आर्यन जैन, प्रिया जैन, राकेश गुर्जर उपस्थित थे इसके पश्चात विधायक लक्ष्मण राम कलरु ने श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर विवेक विहार में दर्शन किए ...इस अवसर पर मंदिर परिसर में भाजपा नेता नरेश जैन मेड़ता, ताराचंद जैन ने विधायक कलरू का माला दुपट्टा श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप के सदस्यों ने देखी फिल्म सैम बहादुर



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार के सदस्यो को ग्रुप द्वारा फिल्म सैम बहादुर दिखाई गई। अध्यक्ष मोहनलाल गंगवाल ने बताया कि ग्रुप के 155 सदस्यों को दिनांकः 20.12.2023 को गैलेक्सी टाकीज मानसरोवर में फिल्म का शो दिखाया गया। फिल्म के मध्यांतर में सभी सदस्यों को समोसा/पॉपकॉर्न वितरित किए गए। सभी सदस्यों ने आयोजन की तारीफ की। अंत में सचिव गिरीश कुमार जैन द्वारा सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# श्री गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रह्यो....

## गिर्राज पूजन के साथ भागवत कथा में भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का हुआ चित्रण



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री गोविंद देव जी के मंदिर स्थित सत्संग भवन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में बुधवार को पांचवें दिन व्यास पीठ से निम्बार्क पीठाधीश्वर श्री श्रीजी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण के बाल लीलाओं का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावभर कर दिया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं में भाव विभोर होकर गिरिराज गोवर्धन भगवान की पूजा कर अपने आप को धन्य किया। श्री गिरिराज धरण म्हां तो थारी शरण..., श्री गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रह्यो..., मैं तो गोवर्धन को जाऊं मेरी वीर नाय माने मेरो मनुआ... जैसे ब्रज से जुड़े लोकगीतों के साथ नाचते गाते श्रद्धालुओं ने गोवर्धन भगवान को नाना प्रकार के पकवान और व्यंजनों का भोग लगाया। साथ ही गिरिराज जी की मानसी परिक्रमा की। इससे पहले भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं में माखन चोरी लीला, ऊखल बंद लीला, के साथ कंस के राक्षसों, अकासुर, बकासुर, त्रिणावत आदि के एक-एक करके बध की कथाओं का वर्णन किया गया। श्रीमद् भागवत कथा में आज जयपुर के हवामहल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक और हाथोज धाम के संत बालमुकुंद आचार्य ने पहुंच कर भागवत जी का पूजन किया और व्यास पीठ पर विराजमान श्रीजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा आयोजन बृजेश कुमार बिरजू गोयल ने बताया कि गुरुवार को कथा में महारास और रुक्मणी मंगल की कथा होगी। शुक्रवार को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई जाएगी। इसी दिन कथा की पूर्ण आहुति होगी।

# आदिश्री जैन को मिला कॉमर्स ब्लेजर



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जनकपुरी ज्योतिनगर निवासी भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम स्कूल की कक्षा बारह की होनहार छात्रा आदिश्री जैन को स्कूल के वार्षिक उत्सव में कॉमर्स ब्लेजर देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के कॉमर्स विभाग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर अभिभावकों से भरे स्कूल सभा ग्रह में बुधवार को हुए 39वें वार्षिक उत्सव में स्कूल की प्राचार्य प्रीति सांगवान, मुख्य अतिथि कृष्ण कान्त पाठक IAS, तथा राजेंद्र भानावत द्वारा आदिश्री जैन को प्रमाण पत्र व ब्लेजर प्रदान किया गया। श्रेष्ठी पदम जैन बिलाला की सुपोत्री व CA पारस बिलाला की सुपुत्री आदिश्री ने इसका श्रेय नियमित पढ़ाई, गुरुजन व परिजनों से मिले आशीर्वाद को दिया।

# वैशाली जैन महिला मंडल की तिजारा की धार्मिक यात्रा संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महिला मंडल श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर वैशाली नगर जयपुर ने 19 दिसंबर मंगलवार को अतिशय क्षेत्र तिजारा जी और अलवर के स्वर्ण मंदिर की धार्मिक यात्रा की। देहरे वाला चंदाप्रभु भगवान के मंदिर में महिला मंडल की तरफ से 48 दीपक से भक्तामर का पाठ भी किया गया। श्रीमती विनीता जैन, श्रीमती सुधा छाबड़ा, श्रीमती लता बाकलीवाल, श्रीमती रचना बाकलीवाल के निर्देशन में यात्रा बहुत ही सफल रही और सभी महिला मंडल सदस्यों ने अलवर के स्वर्ण मंदिर के प्रथम बार दर्शन किए। स्वर्ण मंदिर बहुत ही सुंदर और कलाकारी से परिपूर्ण है।

## वेद ज्ञान

# दान की गई वस्तु से मोह नहीं रखना चाहिए

सभी धर्मों में दान की महत्ता बताई है। दान का आशय त्याग है। मतलब जो वस्तु दान में दी जाती है, उस वस्तु से लगाव, मोह, अपनत्व का त्याग करना। बेटी के माता-पिता का लगाव बेटी से होता है, लेकिन विवाह के बाद उसे इस लगाव को अंततः त्यागना पड़ता है, जबकि माता-पिता विवाह के पूर्व उसके लालन-पालन, पोषण में पुत्र की तरह ही हर प्रकार का निवेश करते हैं। इस निवेश में मन, आत्मा की ऊर्जा के साथ भौतिक पदार्थ और धन आदि शामिल होता है। दान से त्याग की जो प्रवृत्ति विकसित होती है, वह आंतरिक सुख के साथ त्याग की स्थिति में मनोमालिन्य का भाव नहीं उत्पन्न होने देता। कृपण व्यक्ति छोटी भी वस्तु के दान से अवसाद में चला जाता है, लेकिन इसके मूल भाव को समझे बिना पर्वों-त्योहारों, शुभ-दिनों में दान से पुण्य के साथ मनोकामना पूर्ति के संदेश दिए जा रहे हैं। कोई नौकरी, व्यापार, बीमारी, मुकदमे या अन्य किसी सफलता की कामना के साथ जब अपने धर्मगुरु के पास जाता है, तब उसे रुपए-पैसे, सोना-चांदी, वस्त्र-अनाज आदि के दान के लिए कहा जाता है तथा यह बताया जाता है कि इससे ऊपरवाला बहुत खुश होगा और मन की मुराद पूरी कर देगा। जो सर्वथा अवैज्ञानिक भाव है। यह भी सत्य है कि सही दान से सुकून मिलता है। जिस दान से सुकून न मिले, वह दान है ही नहीं। यदि कोई बा आकर्षण जो सोने व चांदी की तरह लुभावना क्यों न हो, उसे स्वीकार न करना भी दान या त्याग है, क्योंकि अवांछित लुभावनी वस्तुएं या स्थितियां साथ में समस्याएं भी ले आती हैं। जीवन को त्योहारमय और उल्लासमय बनाने के लिए बाहरी आकर्षण से प्रभावित न होना दान के संदेश में छुपा हुआ है, लेकिन इस तरह उन लोगों की दुकानदारी प्रभावित होने लगती है जो धर्म का भय दिखाकर अपना जीवन चलाते हैं। इसके अलावा धर्मग्रंथों में सुपात्र को ही दान देने का विधान है। दान से कोई आलसी बन रहा हो, कामधाम छोड़कर दान में मिली वस्तु से जीवन चला रहा हो तो ऐसे व्यक्ति को दान देने से पाप लगता है। दान का ढिंढ़ोरा पीटने, दान कर उससे वाहवाही लेने से भी पाप लगता है। इसलिए दान देना ही महत्वपूर्ण नहीं।

## संपादकीय

# सेंधमारों की नकेल कसेगा संचार विभाग का पोर्टल

संचार माध्यमों के बढ़ते उपयोग, हर काम में डिजिटल निर्भरता और इंटरनेट संबद्धता के बीच साइबर सेंधमारों की सक्रियता भी तेजी से बढ़ी है। वे लोगों को ठगने के तरह-तरह के तरीके तलाशते रहते हैं। चूंकि आधुनिक बैंकिंग प्रणाली में ग्राहकों को आटोमेटिक टेलर मशीन और इंटरनेट सुविधा से जोड़ दिया जाता है, इसलिए ज्यादातर साइबर अपराधियों की नजर लोगों के बैंक खातों पर रहती है। वे झूठे संदेश और 'इंटरनेट लिंक' भेज कर लोगों को भरमाते हैं और जैसे ही उनके संदेश को खोला जाता है, सेंधमार उनके बैंक खाते तक अपनी पहुंच बना लेते हैं। ऐसे ठगी करने वाले न केवल भारत में, बल्कि दुनिया के किसी भी हिस्से में बैठ कर अपनी साजिशों को अंजाम देते रहते हैं। हमारे देश में इस तरह रोज हजारों लोग ठगी का शिकार होते हैं। यह बैंकों के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। इस समस्या से पार पाने के लिए अब संचार विभाग एक ऐसा पोर्टल शुरू करने जा रहा है, जो कृत्रिम मेधा के जरिए ऐसे धोखाधड़ी करने वालों पर नजर रखेगा और उनकी पहचान कर उन पर शिकंजा कसेगा। इस पोर्टल से निस्संदेह आम लोगों को ठगी से बचने में काफी मदद मिलेगी। हालांकि इंटरनेट के जरिए सेंधमारी की प्रवृत्ति पुरानी हो चुकी है। पहले ठगी करने वाले लोगों को मेल भेज कर उनके बैंक खातों तक पहुंचने का प्रयास करते थे। फिर मोबाइल संदेशों के जरिए ऐसा करने लगे। सीधा फोन करके भी लोगों को झांसा देने वाले बड़ी संख्या में सक्रिय हैं। वे भोले-भाले लोगों को फोन कर उनके बैंक का विवरण प्राप्त कर उनके खाते से पैसा निकाल भागते हैं। इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलाया, जिससे लोग धोखाधड़ी करने वालों के चंगुल में फंसने से बचने लगे। तब उन्होंने वाट्सऐप के जरिए संदेश भेज कर लोगों को फंसाने की कोशिश शुरू की। अब तो सोशल मीडिया मंचों पर भी किसी न किसी तरह ऐसे सेंधमार घुस कर लोगों को भरमाने और ठगने का प्रयास करते देखे जाते हैं। वे ऐसे शातिर तरीके आजमाते हैं, जिससे न केवल भोले-भाले, बल्कि अच्छे पढ़े-लिखे लोग भी उनके झांसे में आ जाते हैं। कई कंपनियों के खातों में भी ये सेंधमारी कर चुके हैं। इस तरह ये दुनिया भर की सरकारों, बैंकिंग प्रणाली और डेटा संग्रह करने वाले तंत्रों के लिए चुनौती बनते गए हैं। भारत में चूंकि सतर्कता का स्तर अन्य देशों की अपेक्षा कम देखा जाता है, इसलिए यहां साइबर अपराधियों की सक्रियता भी अधिक है। ऐसे अपराधियों के नए-नए केंद्र बन रहे हैं। हालांकि कुछ बैंकों ने अपने सुरक्षा तंत्र में कृत्रिम मेधा के जरिए ठगी करने वालों पर नजर रखने की व्यवस्था कर रखी है, फिर भी ये शातिर अपराधी उनमें घुसपैठ का रास्ता तलाश ही लेते हैं। संचार विभाग इस सेंधमारी के विरुद्ध कितना मजबूत और व्यावहारिक कवच तैयार कर पाता है, देखने की बात है। कुछ वर्ष पहले जब अनचाही कालों से लोग परेशान थे, तब संचार विभाग ने एक ऐसा नंबर लोगों को उपलब्ध कराया था, जिस पर उस काल करने वाले का नंबर डाल दिया जाए, तो वह स्वतः निरस्त हो जाता था।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# चीनी उत्पादन

इस वर्ष उत्पादन में कमी की वजह से चीनी की कीमतें बढ़ने की आशंका सिर उठाने लगी है। भारतीय चीनी मिल संघ की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक चालू विपणन वर्ष 2023-24 में 15 दिसंबर तक चीनी उत्पादन 74.05 लाख टन हुआ, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 82.95 लाख टन उत्पादन हुआ था। यानी इस वर्ष ग्यारह फीसद चीनी का उत्पादन कम हुआ है। इसका कारण महाराष्ट्र और कर्नाटक में चीनी का उत्पादन कम होना बताया जा रहा है। इस वर्ष पेराई सत्र भी करीब पंद्रह दिन देर से शुरू हुआ। हालांकि इस वर्ष उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हुआ। वहां उत्पादन 15 दिसंबर तक बढ़ कर 22.11 लाख टन हो गया, जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में यह 20.26 लाख टन था। इस वर्ष महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 33.02 लाख टन से घटकर 24.45 लाख टन और कर्नाटक में 19.20 लाख टन से घटकर 16.95 लाख टन रह गया है। इस तरह इस वर्ष भी चीनी के निर्यात पर रोक लगाने के अलावा कोई उपाय नहीं होगा। चीनी उत्पादन के मामले में भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है। मगर पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह इस क्षेत्र में गतिरोध पैदा हो रहा है, उसके मद्देनजर चीनी के निर्यात में कमी करनी पड़ रही है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने चालू विपणन वर्ष में चीनी निर्यात की अनुमति नहीं दी है। इस वर्ष चीनी का उत्पादन 325 लाख टन होने की उम्मीद है। इसके अलावा 56 लाख टन चीनी का भंडारण है। जबकि खपत 285 लाख टन रहने का अनुमान है। ऐसे में सुरक्षित भंडार में चीनी रखने के बाद अधिक निर्यात की गुंजाइश नहीं रहेगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमतें पहले ही काफी ऊंची हैं। इसलिए वहां से चीनी मंगाने का फैसला करना मूल्य नियंत्रण के मामले में परेशानी पैदा करने वाला होगा। कुछ दिनों पहले चीनी उत्पादन में गिरावट को देखते हुए सरकार ने गन्ने के रस से एथेनाल बनाने पर रोक लगा दी थी, हालांकि अब वह हटा ली गई है। पर जाहिर है, इससे एथेनाल के उत्पादन पर भी बुरा असर पड़ा है। दरअसल, पेराई सत्र देर से शुरू होने और चीनी उत्पादन में कमी का मुख्य कारण गन्ने की बुआई का रकबा घटना है। हालांकि गन्ना सबसे सुरक्षित नगदी फसल मानी जाती है। इस पर मौसम की मार का भी बहुत असर नहीं पड़ता। मगर किसान गन्ना बोने में रुचि कम लेने लगे हैं तो इसकी बड़ी वजह चीनी मिलों द्वारा समय पर भुगतान न किया जाना और पेराई सत्र समय से पहले ही समाप्त कर देना रहा है। मिलें गन्ना नहीं खरीद पातीं, इसलिए हर वर्ष बहुत सारे किसानों को खेत में ही खड़ी फसल जलानी पड़ जाती है। यद्यपि चालू चीनी मिलों की संख्या पिछले वर्ष के बराबर ही है, मगर यह उजागर तथ्य है कि उनकी पेराई क्षमता कम हुई है। अधिकतर सरकारी और सहकारी चीनी मिलें बीमार हाल में ही हैं। उनके रखरखाव और क्षमता विकास पर समुचित ध्यान नहीं दिया जाता, इसलिए वे कम उत्पादन कर पाती हैं। फिर, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र आदि के गन्ना किसानों को काफी संघर्ष के बाद आधा-अधूरा भुगतान मिल पाता है, जबकि नियमानुसार पंद्रह दिन में भुगतान हो जाना चाहिए। इस व्यवस्था को सुधारे बिना चीनी उत्पादन के मामले में प्रगति संभव नहीं है।

# निर्मल यादव और स्नेहिल बाबेल की मुंबई जहांगीर में प्रदर्शनी



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

लेकसिटी के कलाकार डॉ.निर्मल यादव और स्नेहिल बाबेल के चित्रों की प्रदर्शनी मुम्बई की प्रख्यात जहाँगीर आर्ट गैलरी में शुरू हुई। इसमें उदयपुर के अलावा कोल्हापुर के नंदकिशोर थोराट, हैदराबाद के राजू बाटुला, अहमदाबाद की ईशा बाविषि और बांसवाड़ा की तस्लीम जमाल के चित्रों सहित अन्य कलाकारों की 40 पेंटिंग प्रदर्शित की गई हैं। वी 6 ग्रुप शो की क्यूरेटर डॉ. मनीषा साँचीहर ने बताया कि उक्त प्रदर्शनी का उद्घाटन देश के ख्यात कलाकार मदन लाल(चंडीगढ़) और चरण शर्मा (नाथद्वारा) ने किया। इनके साथ ही मुम्बई के उद्योगपति विराज डिडवानिया और लंदन के फिल्म निमार्ता निर्देशक समीर पटेल भी विशिष्ट अतिथी के रूप में उपस्थित थे।इस अवसर पर अन्य कलाकारों में प्रभाकर पाटिल, मनीषा पाटिल, निमिषा शर्मा, प्रशांत वेदक, राजेन्द्र पाटिल, डीएस प्रताप, मुनीर कश्मीरी, नरेश कुमार और पुणे की मानसी पालशिकर मौजूद थी। शुरू में डॉ.निर्मल यादव ने सभी कलाकारों और अतिथियों का स्वागत मेवाड़ी पगड़ी, उपरना, तुलसी का पौधा देकर स्वागत किया तथा इंस्पिरिट आर्ट द्वारा अतिथियों को मयूर पेंटिंग भेंट कर आभार व्यक्त किया। डॉ.मनीषा साँचीहर ने बताया कि देश के अलग अलग राज्यो के 6 ख्याति नाम कलाकारों की पेलेट को एक मंच पर प्रदर्शित किया है इसलिए इस प्रदर्शनी का शीर्षक ५६ यानी 'हम छह' रखा गया है। गौरतलब है कि यह प्रदर्शनी 25 दिसम्बर तक शाम 7 बजे तक जारी रहेगी। रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'

# जयपुर मेन ग्रुप का दीपावली स्नेह मिलन समारोह




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जयपुर मेन का दीपावली स्नेह मिलन समारोह रविवार दिनांक 17 दिसंबर 2023 को दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर में आयोजित किया गया दोपहर 1:30 से 2:00 बजे तक मंदिर में भक्तामर स्तोत्र का पाठ किया गया। भक्तामर स्तोत्र के 26 वें श्लोक के पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ सचिव श्री महेंद्र छाबड़ा के द्वारा गत मीटिंग की कार्रवाई का वाचन किया गया जिसे सदन में अनुमोदन किया अध्यक्ष डॉ राजेंद्र कुमार जैन ने पूर्व की गतिविधियों के बारे में प्रकाश डाला । आज के कार्यक्रम में कंगल पानी के बारे में श्री रमेन्द्र जोशी के द्वारा प्रकाश डाला गया जो कि हमारे शरीर के लिए बहुत ही लाभप्रद है समय सीमा से आने वाले सदस्यों में तीन सदस्य श्री विजय तोतूका, श्रीमती सुलोचना पाटनी एवं श्री सत्येंद्र जैन को पुरस्कृत किया गया। श्री अनिल जैन को दीपावली किंग व श्रीमती शांता जैन को दीपावली क्वीन चुना गया तथा उन्हें सम्मानित कर उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में राजस्थान रीजन जयपुर के अध्यक्ष श्री राजेश बडजात्या तथा सचिव श्री निर्मल संघी भी उपस्थित थे।राजेश बडजात्या एवं डा. राजेन्द्र कुमार जैन के द्वारा सन 2024-25 के लिए नवीन पदाधिकारियों की घोषणा की गई। अध्यक्ष श्री धनु कुमार जैन, सचिव श्री हीराचंद बैद एवं कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप पाटनी को मनोनीत किया गया सभी सदस्यों ने नवीन पदाधिकारियों को बधाई दी। अंत में सचिव से महेंद्र छाबड़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जीतो जयपुर लेडीज विंग द्वारा ग्लैम फेस्ट वर्कशॉप का आयोजन





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जीतो जयपुर लेडीज विंग ने ग्लैम फेस्ट वर्क्शाप का आयोजन खवाब होटल, टोंक रोड पर किया। इस वर्कशॉप में मैडोना सैलून के सुधांशु शर्मा ने रोमांचक मेकअप कार्यशाला, रोजमर्रा का लुक, शानदार पार्टी मेकअप, और परफेक्ट आई मेकअप की कला का मार्गदर्शन किया। उन्होंने दो हेयर स्टाइल्स के बारे में भी बताया। इसके बाद, इंटरैक्टिव सत्र में सुधांशु शर्मा ने दर्शाया कि कैसे आप आसानी से रोजमर्रा का मेकअप लुक प्राप्त कर सकते हैं, जो आपकी प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ाता है। उन्होंने ग्लैमरस पार्टी मेकअप के लिए टिप्स और ट्रिक्स भी सिखाए। इसके बाद, सभी सदस्यों ने प्री न्यू सेलब्रैशन में आपस में इंटेरेक्ट किया । कार्यक्रम में जीतो लेडीज विंग की अध्यक्ष खुशबू बाकलीवाल, सचिव मेघना जैन, संयोजक पारुल शाह, प्रियंका बरडिया, ऋचा डागा और अन्य कार्यकारिणी सदस्य मोजूद रहे ।

# दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्रों की यात्रा के दौरान यात्रा दल ने लिया दिगम्बर जैन संतो से आशीर्वाद






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन मंदिरों के दर्शनार्थ जयपुर से गये यात्रा दल के सदस्यों ने आगरा, ज्ञान तीर्थ मुरैना, सिद्ध क्षेत्र श्री सोनागिर जी एवं ग्वालियर के दिगम्बर जैन मंदिरों की दर्शन यात्रा की। इस दौरान आचार्य ज्ञेय सागर महाराज, निर्यापक संत मुनि पुंगव सुधा सागर महाराज, गणिनी आर्यिका लक्ष्मी भूषण माताजी एवं स्वस्ति भूषण माता जी ससंघ के दर्शन लाभ कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा दल में राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, मोहनबाडी दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र बिलाला, समाजसेवी सुरेश जैन एवं सौरभ जैन सहित अन्य लोग शामिल हुए। विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक आगरा में मुनि पुंगव से राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के जयपुर सहित पूरे प्रदेश में संगठन का विस्तार एवं जयपुर में सहकार मार्ग पर स्थाई कार्यालय खोलने की जानकारी देते हुए संस्था द्वारा की जा रही मानव सेवार्थ, धार्मिक तथा सामाजिक गतिविधियों बाबत चर्चा की गई। इसी प्रकार सिद्ध क्षेत्र श्री सोनागिर जी में पर्वत स्थित दिगम्बर जैन मंदिरों की वन्दना के साथ तीर्थंकर चन्द्रप्रभु, शीतल नाथ एवं पार्श्वनाथ भगवान के अभिषेक एवं मंत्रोच्चार पूर्वक शांतिधारा की गई। आचार्य ज्ञेय सागर महाराज से समाज के बालकों को संस्कार एवं जैन धर्म की जानकारी देने हेतु ज्ञान मंदिर खोलने बाबत चर्चा हुई। गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माता जी ने जयपुर की प्रत्येक कालोनी में शुभकामना परिवार चालू करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। इस मौके पर श्योपुर दिगम्बर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष समाजश्रेष्ठी अशोक बाकलीवाल, सुरेन्द्र जैन हल्दैनिया, प्रेम लता बाकलीवाल, सुनिता जैन हल्दैनिया सहित मिनाक्षी सोगानी ने भी आशीर्वाद प्राप्त किया। सोनागिर सिद्ध क्षेत्र कमेटी की ओर से सभी का तिलक एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। माताजी ने चातुर्मास में स्थापित मंगल कलश प्रदान किए। प्रबंधक सन्दीप जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जीवन को सफल बनाने के लिए जरूरी है अच्छी आदतें : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी

**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी में विराजमान श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी स्वयं अपनी चर्या निरतिचार पूर्ण पाल रही है। साथ ही अपने शिष्यों व व्रती आश्रम में रहने वाले श्रावक है उनकी भी चर्या को पलवाने का पूर्ण प्रयास कर रही हैं। आस - पास की समाज भी गुरु माँ की हर चर्या व क्रिया से जुड़कर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। पूज्य माताजी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि - जीवन में अच्छी आदतों का होना बहुत जरूरी है क्योंकि अच्छी आदतें किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन में उसकी पढ़ाई, करियर, और निजी जीवन को निरंतर अच्छा बनाने में मदद करती है। वही दूसरी तरफ कोई अन्य व्यक्ति बुरी आदतों के साथ चाहे वो कितना भी प्रभावी हो, एक दिन अपनी सफलताओं को खो देता है। हमारा जीवन अर्थात हमारा व्यवहार सब कुछ हमारी आदतों पर निर्भर करता हैं. अच्छा और सफल जीवन बनाने के लिए हमारी अच्छी आदते सहायक हो सकती हैं। अच्छी आदतों का पालन करने वाले इंसान के आस-पास रहने वाले लोग भी उससे अधिक संतुष्ट और खुश रहते हैं। वही दूसरी ओर बुरी आदतों के सहारे व्यक्ति समाज में अधिक टिक नहीं सकता हैं। जीवन में सफलता के लिए बहुत जरूरी है हमारी अच्छी आदतें, जो हमारे व्यक्तित्व के निर्माण की सबसे सहायक होती हैं। कुछ अच्छी आदतों वाला व्यक्ति समाज का हमेशा साथ पाता हैं, लोग उनसे मिलने के लिए ललायित रहते हैं। वही दूसरी तरफ ज्ञान, गुण सम्पन्न होने के बावजूद व्यक्ति की आदत खराब हो तो एक दिन वह सभी का साथ भी खो देता है और अपना मुकाम भी।








## सखी गुलाबी नगरी का हुआ रोमांचक कार्यक्रम

# एक रिश्ता ऐसा भी "विवाह"

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सखी गुलाबी नगरी के कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक और कार्यक्रम एक रिश्ता ऐसा भी 'विवाह', राज आँगन रिसोर्ट में वेडिंग थीम पर हुआ। अध्यक्ष सारिका जैन ने बताया कि कार्यक्रम में शादी के सात फेरों के आज के सात वचन और पहले के सात वचन के महत्त्व को बताया गया। शादी के सात फेरों में आज की पीढ़ी अपने जीवन साथी से क्या चाहती है। सचिव स्वाति जैन ने बताया की कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमति अर्चना रमेश जैन व श्रीमति संतोष जैन ने दीपप्रज्ज्वलन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सखी गुलाबी नगरी की सभी कार्यकारिणी सदस्यों की मेहनत ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। संस्था के सदस्यों में कॉर्डिनेटर के रूप में अंकिता जैन, चारुल जैन, विजेता जैन, नीता काला, मंजु अग्रवाल(जैन), इन्दु अग्रवाल (जैन), हिमानी जैन सभी का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम में आए सुंदर बैंड ने संस्था के सदस्यों का डांस और मस्ती के माहोल बना दिया। सभी ने कार्यक्रम में भरपूर मनोरंजन किया।





# 'एप' से नहीं 'आप' से होगा गर्भधारण संस्कार



कल जब सुबह का अखबार खोला तो एकाएक एक खबर पर नजर ठहर गई, जिसका शीर्षक था 'टाटा-कलाम' जैसी संतान के लिए 'एप' से जतन कर रहे पेरेन्ट्स। यानि आज चिकित्सा क्षेत्र में भी तकनीक इतनी अधिक प्रभावी हो गई है कि उसके जरिए न केवल संतानोत्पत्ति करना, अपितु संतान कैसी चाहिए, ये तक निर्धारित करना संभव हो गया है। इसीलिए आज के 'अति आधुनिक माता-पिता' अपनी भावी पीढ़ी को इस दुनिया में लाने से पहले ही ये तय कर लेते हैं कि उनका बच्चा किस प्रसिद्ध व्यक्ति की तरह होगा या होना चाहिए और इस दिशा में वे स्पर्म अरेंज करने से लेकर उनके रूप-गुण एवं शिक्षाओं तक का अध्ययन-पठन व श्रवण कर रहे हैं। लेकिन आधुनिक दिखने वाली ये तकनीक हम भारतीयों के लिए आधुनिक नहीं है। बस हम जरा-सा भूल गए हैं। यदि आपने भारतीय धर्मग्रन्थों में विशेष पठनीय ग्रन्थ महाभारत को पढ़ा हो, टीवी पे देखा हो या बुजुर्गों से इसकी कहानियां सुनी हों तो शायद आपको वो सन्दर्भ याद होगा, जब श्री कृष्ण ने अपनी गर्भवती बहन सुभद्रा को चक्रव्यूह तोड़ने की कहानी सुनाई थी और उसके साथ-साथ उसके गर्भ में पल रहे अभिमन्यु ने भी माँ के पेट में ही इसे सुनकर चक्रव्यूह तोड़ना सीख लिया था। ऐसा एक नहीं अनेकों उदाहरण हैं। अगर हम बड़े-बड़े धर्मग्रन्थों की बात छोड़ भी दें तो शायद आपने ये तो देखा ही होगा कि घर में जब भी कोई बहु-बेटी गर्भवती होती है तो घर की बुजुर्ग महिलाओं द्वारा उसके खान-पान और रहन-सहन के साथ श्रवण-दर्शन पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। क्योंकि भारतीय परिवार परम्परा में सदियों से इन माँओं का ये प्रगाढ़ विश्वास रहा है कि इस अवस्था में माँ जो कुछ देखेगी-सुनेगी या पढ़ेगी, वो ज्ञान सीधा गर्भस्थ शीशु तक जाएगा। उसके कमरे में बालकृष्ण, हँसते-मुस्कुराते बच्चे या जैसा बच्चा वे चाहते हैं, वैसी ही तस्वीरें लगाई जाती हैं। माँ से कहा जाता है कि वो गीता, रामायण, पंत्रतंत्र की कहानियाँ आदि पढ़े तथा ऐसी फिल्में देखे, जो उसमें सकारात्मका का संचार करें। इन सब तथ्यों के माध्यम से हम चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नए आवष्कारों को नहीं नकार रहें हैं, अपितु आज की पीढ़ी को याद दिला रहे हैं कि इस सनातन संस्कृति में बहुत कुछ ऐसा है जो इस मशीनी सभ्यता से कहीं उत्तम है। जिसे अपनाकर हम संस्कृति से संस्कार की ओर अग्रसर हो सकते हैं और इसके लिए किसी 'एप' की नहीं अपितु 'आप' के जागृत होने की जरूरत है।

**रिपोर्ट :**
**ओमपाल सीलन,**
**वीआईएफटी कॉलेज, उदयपुर**

# चित्रकूट जैन मंदिर में गणिनी आर्यिका भारतेश्वरी माता जी ससंघ का हुआ मंगल प्रवेश



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सांगानेर चित्रकूट जैन मंदिर में राष्ट्र गौरव गणिनी आर्यिका भारतेश्वरी माता जी ससंघ का सांगानेर अतिशय क्षेत्र चित्रकूट कॉलोनी जैन मंदिर में बैंड बाजा के साथ सम्पूर्ण समाज जन की उपस्थिति में मंगल प्रवेश हुआ। मंदिर प्रबंध समिति और सिद्ध चक्र महामंडल पुण्यार्जक परिवार जन ने माता जी ससंघ की अगवानी करी। मंदिर प्रबंध समिति और मीडिया प्रभारी दीपक जैन पहाड़िया ने बताया, की चित्रकूट जैन मंदिर में माता जी ससंघ सानिध्य में वृहत सिद्ध चक्र मंडल छह दिवसीय आयोजन 23 दिसंबर 2023से 26 दिसंबर 2023 तक आयोजित होगा। जिसके पुण्यार्जक परिवार रतनलाल पारस कुमार अलका देवी, अरुण कुमार प्रभा , अरविंद कुमार मेनका जैन आदित्य जैन सिंघल परिवार फागी वाला परिवार होंगे।

# डॉ. महावीर शास्त्री द्वारा लिखित कृतिपूजन अष्टमी चतुर्दशी कृति का विमोचन



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आसना के प्रधानाचार्य डॉ. महावीर प्रसाद जैन द्वारा लिखित कृति अष्टमी - चतुर्दशी व युगमंधर स्वामी पूजन का विमोचन उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन व जीवन लाल कुरावत ने किया । इस कृति के विषय में रचनाकार डॉ. महावीर जैन ने बताया कि अभी तक हजारों पूजन अनेक कवियों द्वारा लिखी गई थी परंतु शाश्वत पर्व अष्टमी -चतुर्दशी व युगमंधर स्वामी पर अब तक किसी ने पूजन नहीं लिखी थी उस कमी की पूर्ति रूप ही यह कृति तैयार की गई है। इसमें दो पूजन के साथ बारह भावना भी प्रकाशित की गई है। यह छोटी - सी कृति सब के लिए बड़ी उपयोगी रहेगी । इस अवसर पर वार्ड पार्षद अरविन्द जारोली ,अ.भा जैन युवा फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. जिनेन्द्र शास्त्री , पं. खेमचंद , डॉ. दीपक जयपुर , पं. ऋषभ पं. तपीश , पं. अंकित , पं. गजेन्द्र , पं. हितंकर आदि शास्त्री विद्वान, शांतिलाल अखावत, राजमल गोदडोत ' श्याम एस सिंघवी रोशनलाल जी फांदोत श्रीमती किरण जैन आदि अतिथियों के कर कमलों से सैकड़ों लोगों की उपस्थित में इस कृति का विमोचन किया गया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर **'शाबाश इंडिया'** आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण महोत्सव पर बापू नगर में श्री मुनि संघ सेवा समिति का गठन हुआ

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

चलते फिरते तीर्थ कहे जाने वाले दिगम्बर जैन आचार्य, मुनि-महाराज, आर्यिका माताएं समस्त चतुर्विध संघ की आहार-विहार की सम्पूर्ण व्यवस्था को लेकर दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल की अध्यक्षता में भट्टारक जी की नसियाँ, जयपुर में बापू नगर जैन समाज के निवासियों की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से श्री मुनि संघ सेवा समिति जो कि बापू नगर द्वारा संचालित होगी का गठन किया गया। सम्पूर्ण गतिविधियाँ के लिए भट्टारक जी की नसियाँ परिसर में कार्यालय बनाया गया। प्रवक्ता मनीष बैद ने बताया कि समिति में परम संरक्षक सुधान्शु कासलीवाल, संरक्षक ताराचन्द पाटनी, उमराव मल संघी, एस.पी. भारिल्ल, अध्यक्ष राजीव जैन गाजियाबाद, कार्याध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार मोदी, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र के. गोधा, आलोक जैन, राजकुमार सेठी, स्नेहलता काला महामंत्री नवीन संघी, मंत्री मनोज झांझरी, संयुक्त मंत्री रमेश बोहरा कोषाध्यक्ष संजय पाटनी चुने गये। कार्यकारिणी सदस्य में अतुल सौगानी, निर्मल कुमार संघी, राजकुमार जैन पर्ल, धर्मेन्द्र लुहाड़िया, सुलोचना मोदी, सीमा जैन गाजियाबाद, प्रीति झांझरी, ज्योत्सना काला, रंजु बाकलीवाल, रचना बैद, बबीता पाटनी, कविता झांझरी, मौसमी दीवान, कीर्ति कटारिया, कार्यालय व्यवस्थापक मनीष बैद को नियुक्त किया गया। महामंत्री नवीन संघी ने जानकारी दी की इस अवसर पर श्रमण संस्कृति बोर्ड के अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल ने कह कि मुनि-महाराजों और आर्यिका माताओं के आगमन से ग्राम नगर व शहरों में रौनक हो जाती है, लोगों की धार्मिक कार्यों में रुचि वृत्ति होने लगती है। श्रमण संस्कृति बोर्ड के प्रथम कार्य का आज शुभारम्भ हुआ है। जिससे सम्पूर्ण जैन समाज हर्षित है। जैन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए हमें आने वाली पीढ़ी को इसके लिए तैयार करना है तभी हम अपनी संस्कृति और तीर्थों का संरक्षण कर सकेंगे। सभा का संचालन मनीष बैद ने किया। णमोकार मंत्र से सभा प्रारम्भ हुई। महामंत्री नवीन संघी ने आभार व्यक्त किया।



## हमेशा भावना रहे राष्ट्र सबसे पहले, सनातन संस्कृति के रक्षक बनें जनप्रतिनिधिः आचार्य रामदयालजी

### आचार्य श्रीरामदयालजी महाराज ने विधायक कोठारी को प्रदान किया आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन



**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा के नवनिर्वाचित विधायक अशोक कोठारी ने माणिक्यनगर स्थित रामद्वारा में पहुंच वहां विराजित अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा पीठाधीश्वर जगतगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं धर्मचर्चा की। आचार्य श्रीरामदयालजी महाराज ने विधायक कोठारी एवं उनके साथ पधारे कार्यकर्ताओं व समाजसेवियों को उपरना पहना कर आशीर्वाद प्रदान किया एवं मंगलभावनाएं व्यक्त की। आचार्यश्री ने विधायक अशोक कोठारी को आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि हमेशा राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य होना चाहिए। सदैव राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से निष्ठा के साथ सेवा करते हुए सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं निरन्तर मजबूती के लिए भी तन, मन व वचन से कार्य करना होगा। जनप्रतिनिधि जनता के प्रति अपने दायित्व निर्वहन के लिए सदैव सजग रहने चाहिए। अशोक कोठारी ने कहा कि मेरा ध्येय एवं संकल्प सदैव संतजनों के सानिध्य में राष्ट्रधर्म एवं सनातन संस्कृति के साथ ही गौ माता की संरक्षण सुरक्षा एवं संवर्धन पर ध्यान देना रहा है। अब इसके साथ ही भीलवाड़ा विधान सभा क्षेत्र एवं यह के आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण करने पर भी फोकस रहेगा। आचार्यश्री ने विधायक कोठारी की जिज्ञासाओं को शांत करते हुए कहा कि भगवान शिवजी के सामने नंदी महाराज विराजमान हैं जो उनके सवारी के साथ साथ धर्म का भी प्रतीक है और गौ माता जिसमें 33 करोड़ देवी देवता निवास करते हैं ,हम सब की माता के रूप में पहचानी जाती है। गौ माता का दूध दूध नहीं वरन अमृत है संसार में गौ माता के ही जब बछड़ा जन्म लेता है ईश्वर ने उसे ही वरदान दिया कि जन्म लेते ही वह मां मां पुकारता है अतः गौ माता हम सबके लिए वंदनीय एवं पूजनीय है आचार्य श्री ने राष्ट्र, धर्म एवं संत दर्शन पर अपनी विस्तृत चर्चा रखी।

## जैन सिद्धांतों का पालन करने से आत्मकल्याण होता है : आचार्यश्री विमर्ष सागर जी

### ज्ञानतीर्थ पर 27 पिच्छिकाओं का हुआ मंगल प्रवेश



**मनोज नायक. शाबाश इंडिया**

मुरैना। जैन कुल में जन्म लेना सरल है, लेकिन जैन सिद्धांतों का पालन करना कठिन हैं । परिवार का सदस्य बनना सहज है, लेकिन श्रावक बनना कठिन हैं । आप सभी जिनेन्द्र प्रभु की वाणी को पड़ते तो हैं, साधुओं के प्रवचनों को सुनते तो हैं, लेकिन उन्हें अपने आचरण में स्वीकारते नहीं हैं । जिस दिन आपने जैन सिद्धांतों को स्वीकार कर लिया, जिनेन्द्र प्रभु की वाणी को आत्मसात कर लिया, समझो आपका कल्याण हो गया । ये मानव जीवन और वो भी जैन कुल में, अनेकों जन्मों के पुण्य से मिला है, इसे व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए । उक्त उद्गार भावलिंगी जैनाचार्य श्री विमर्शसागर जी महाराज ने ज्ञानतीर्थ मुरेना में धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । पूज्य आचार्य संघ की अगवानी के लिए ज्ञानतीर्थ परिवार एवम मुरेना जैन समाज के बंधु बैरियर चौराहे पर एकत्रित हुए । सभी ने आचार्य श्री की आरती उतारकर अगवानी की । बैरियर चौराहे से गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा के रूप में गुरुदेव का ज्ञानतीर्थ में भव्य मंगल प्रवेश हुआ । ज्ञानतीर्थ के प्रवेश द्वार पर रंगोली और चौक बनाया गया । सिर पर मंगल कलश रखकर सौभाग्यवती महिलाओं ने आरती उतारकर आचार्य संघ की अगवानी की। बुंदेलखंड के प्रथमाचार्य गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य श्री विमर्शसागर जी महाराज ससंघ का मंगल पद विहार अतिशय क्षेत्र तिजारा की ओर चल रहा है । पद विहार के दौरान आचार्यश्री आज अपने 27 पिच्छिकाओं सहित ज्ञानतीर्थ पधारे । पूज्य आचार्य संघ के पावन सान्निध्य में ज्ञानतीर्थ पर विराजमान मूलनायक भगवान आदिनाथ की शांतिधारा की गई । पूज्य आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन रमेशचंद जैन मुरेना ने किया । सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने अष्ट द्रव्य से आचार्य श्री की पूजन की । धर्म सभा के दौरान प्रधान संपादक जगदीश चंद जैन के नेतृत्व में आगरा परिषद ने, धौलपुर जैन समाज एवम ज्ञानतीर्थ परिवार ने श्रीफल अर्पित किया ।

## कविता

# ''वो दौर पुराना याद आया''



आते जाते सालों में
वो दौर पुराना याद आया।
धूप में बैठकर घंटो पूरे
मोहल्ले के वही खातों का
हिसाब लगाना याद आया।
मोहब्बत में बहुत कुछ
खोना और पाना याद आया।
वो बस में लटक कर
आना-जाना याद आया।
आज फिर से वो
दौर पुराना याद आया।
बीसीआर वाला फंसाना
याद आया।
बिना बात के भी
दोस्तों का हंसना याद आया।
आकाशवाणी पर बजता
वो तराना याद आया।
किशोर कुमार से लेकर
मोहम्मद रफी वाला जुंबा पर
चढ़ता उतरता वो गीत
पुराना याद आया।
दिन भर दौड़ भाग करते हुए,
भी रात को घर वालों के
साथ बैठकर एक साथ
खाना खाना याद आया।
महीने के आखिरी में
खत्म होती तनख्वाह
के बावजूद भी
अम्मा के आटे के डिब्बे में से
निकलता हुआ खजाना याद आया।
पैर की उंगली में से झांकता
हुआ वो ऊनी मोजा पुराना याद आया।
आते जाते सालों में
वो दौर पुराना याद आया।



डॉ.कांता मीना
शिक्षाविद् एवं साहित्यकार

# अभियान के तहत अब स्टूडेंट्स बुजुर्गों को करेंगे शिक्षित

## रोटरी क्लब जयपुर के द्वारा एडल्ट लिटरेसी के सर्टिफिकेट प्रदान किये गए




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रोटरी क्लब जयपुर के द्वारा इंटरेक्ट क्लब माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, कालवाड़ रोड के विद्यार्थियों को डिस्ट्रिक्ट काउंसलर रोटे डॉ एम. एल अग्रवाल के निदेशानुसार मानसिक जागरूकता अभियान के तहत प्रचार सामग्री बांटी गई। स्कूल की प्रिंसिपल, मॉडरेटर, टीचर्स, इंटरेक्ट चेयरमैन रोटे किशन शर्मा एवं रोटे सुरेश कुमार पाटनी के मौजूदगी में सचिव रोटे पीयूष जैन के द्वारा मानसिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई गई।रोटरी इंटरनेशनल के द्वारा प्राप्त चार्टर इंटरेक्ट क्लब माहेश्वरी पब्लिक स्कूल कालवाड़ रोड की प्रिंसिपल को सुपुर्द किया। रोटरी क्लब जयपुर के द्वारा डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन एडल्ट लिटरेसी रोटे सुरेश कुमार पाटनी के नेतृत्व में एक अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत इंटरेक्ट क्लब माहेश्वरी पब्लिक स्कूल कालवाड़ रोड के 30 विद्यार्थियों के द्वारा छुट्टियों में अपने नजदीकी बुजुर्गों को नाम लिखना और पढ़ना सिखाया। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन एडल्ट लिटरेसी रोटे सुरेश कुमार पाटनी, इंटरेक्ट चेयरमैन रोटे किशन शर्मा, सचिव रोटे पीयूष जैन के द्वारा सभी स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया एवं भविष्य में आगे भी इस तरह के कार्यों में सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल,वाइस प्रिंसिपल, मॉडरेटर एवं टीचर्स इन्ट्रैक्टर्स के उत्साहवर्धन के लिए मौजूद रहे।


## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉरएवर की सचिव तथा दिगंबर जैन महासमिति महिला आंचल राजस्थान की सचिव






# श्रीमती सुनीता जी गंगवाल

## को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाइयां

शुभेच्छु: अध्यक्ष शकुंतला विनायका कोषाध्यक्ष उर्मिला जैन एवम समस्त दिगंबर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉरएवर परिवार